हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 दिसंबर 2025

04 जिला बार एसोसिएशन परिसर में ऑनलाइन...



07 आदिवासी को थाने में पेड़ से बांधकर पीटा, थाना प्रभारी...





## खबर संक्षेप

### गांधी प्रतिमा के समक्ष शहर कांग्रेस का धरना

**सागर।** मनरेगा का नाम बदले जाने को लेकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रति लोगों की जो अटूट श्रद्धा है उससे भाजपा में बौखलाहट बरकरार है मनरेगा जैसी योजना का नाम बदलना इसका प्रमाण है। इसको लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी सब्जी मंडी पुराना गल्ला मंडी में गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष दोपहर 1:00 बजे से 3:00 तक धरना देकर भाजपा सरकार का विरोध करेगी। भाजपा जनता का ध्यान भटकाकर रोज नए-नए हथकंडे अपना कर जनता को गुमराह कर रही है । इसके खिलाफ में रविवार को सभी कांग्रेसी एक दिवसीय धरना देंगे।

### बालक भवन का संपत्तिकर जमा होने पर नगर निगम ने ताला खोला

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राज कुमार खत्री के निर्देशानुसार द्वारा शासकीय संस्थाओं एवं बड़े बकायादारों से संपत्ति कर, जलकर, दुकानों का किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क आदि बकाया करों की वसूली हेतु वसूली माह दिसम्बर के अंतर्गत तालाबंदी की कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को नगर निगम की टीम द्वारा तिलकगंज स्थित बालक भवन में संपत्तिकर जमा न करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई थी। अतिक्रमण सह प्रभारी कृष्ण कुमार चौरसिया ने बताया कि बालक भवन के मालिक द्वारा शुक्रवार को 2 लाख 7 हजार 722 रुपए की राशि जमा कर दी गई है और नगर निगम की टीम द्वारा बालक भवन का ताला खोल दिया है।

### सड़क सुरक्षा के लिए विशेष जागरुकता एवं सुरक्षा अभियान आयोजित किया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर एवं परियोजना निदेशक, एनएचएआई सागर के निर्देशानुसार सागर जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित विभिन्न वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव रेडियम टेप लगाए गए तथा वाहन चालकों को हाईवे पर सुरक्षित एवं अनुशासित ढंग से वाहन चलाने हेतु यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही धुंध एवं कोहरे की स्थिति में फॉग लाइट, पार्किंग लाइट तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के समुचित उपयोग के संबंध में वाहन चालकों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा वाहन चालकों को यह भी समझाया गया कि धुंध एवं कोहरे के कारण वाहनों की दृश्यता अत्यंत कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यदि यात्रा के दौरान घना कोहरा अथवा धुंध उत्पन्न हो जाए, तो वाहन चालकों को अपने वाहनों को निर्धारित सुरक्षित पार्किंग स्थलों पर खड़ा कर कोहरे के छंटने की प्रतीक्षा करनी चाहिए तथा मौसम साफ होने के उपरांत ही यात्रा पुनः प्रारंभ करनी चाहिए।

### मतदान एवं मतगणना के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए

**सागर।** पंचायत उप निर्वाचन वर्ष–2025 (उत्तरार्द्ध) के अंतर्गत जिले में जनपद सदस्य एवं सरपंच पद के लिए 29 दिसंबर को होने वाले मतदान तथा 2 जनवरी को होने वाली मतगणना को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु संबंधित मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और निर्वाचन नियमों के अंतर्गत समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

**रहली में गौरव दिवस की तैयारियां तेज: 25 दिसंबर को होगा अटल जी की प्रतिमा का अनावरण**

# अटल जी की प्रतिमा का अनावरण वर्ष के उत्सव को और भी खास बनाएगा : अभिषेक भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगर के गौरव दिवस को भव्य बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। आगामी 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर शनिवार को भाजपा नेता अभिषेक भार्गव और नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने कार्यक्रम स्थल का औचक निरीक्षण किया।

### अटल सेतु पर जुटेंगे कलाकार सजेगी महफिल

अभिषेक भार्गव और नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने मुख्य कार्यक्रम स्थल अटल सेतु पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौरव दिवस के दौरान यहाँ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, जिसमें स्थानीय और बाहरी कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।



### अटल पार्क का निरीक्षण: समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

नेताओं ने समीप ही निर्माणाधीन अटल पार्क का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष बचे कार्यों को गुणवत्ता के साथ तत्काल पूर्ण किया जाए।

### मुख्य आकर्षण

प्रतिमा अनावरणः भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन (25 दिसंबर) के अवसर पर नवनिर्मित पार्क में उनकी भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा।

सांस्कृतिक संगमः 25 से 27 दिसंबर तक शहर में उत्सव का माहौल रहेगा। नगर का गौरव दिवस हम सभी के लिए गर्व का विषय है। अटल जी की प्रतिमा का अनावरण इस वर्ष के उत्सव को और भी खास बनाएगा। हमारी कोशिश है कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व चाक-चौबंद हो जाएं। नगर की शान अटल सेतु के बाजू में ही भव्य अटल पार्क का निर्माण आधुनिक सज सज्जा के साथ किया जा रहा हे। यहां की सुंदरता की तारीफ नगरवासियों के रिश्तेदार भी करते नहीं थकते–देवराज सोनी नपा अध्यक्ष

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी और भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा गौरव दिवस को लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



### 8 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का खुरई दौरा 500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे

**सागर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगामी 8 जनवरी 2026 को खुरई पधारेंगे। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री खुरई में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लगभग 500 करोड़ लागत के निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

### 69वीं राष्ट्रीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन समारोह आज संपन्न होगा

**सागर।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय बैडमिंटन क्रीड़ा प्रतियोगिता (14 वर्ष आयु वर्ग बालक/बालिका) 2025 का समापन समारोह 21 दिसंबर, रविवार को दोपहर 12.30 बजे खेल परिसर, सागर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत होंगे। समारोह की अध्यक्षता सांसद सागर डॉ. लता वानखेड़े करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शैलेन्द्र जैन उपस्थित रहेंगे।

## गढाकोटा में किया यात्रा का भव्य स्वागत, स्वदेशी अपनाने की पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने दिलाई शपथ, भगवा झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प यात्रा रवाना



**गढाकोटा।** सागर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही स्वदेशी रथयात्रा का शनिवार के दिन गढाकोटा नगर में स्वागत किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी के नेतृत्व में सभी पार्षदों ने बस स्टैंड पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि स्वदेशी प्रणाली ही देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना के हो सकती है। स्वदेशी अपनाना केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि यह राष्ट्रहित, आत्मनिर्भरता और देश की सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा हुआ विषय है। इस अभियान के माध्यम से स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन,रोजगार सृजन तथा भारत की आर्थिक सशक्तता को मजबूती देने का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। स्वदेशी के प्रति जागरूकता ही सशक्त भारत की नींव है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय व्यापारी बंधुओं एवं विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग का संकल्प लिया गया। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने लोगों से विदेशी वस्तुओं की बजाय स्वदेशी उत्पादकों के उपयोग का आह्वान कर संबोधित करते हुए कहा कि नगर के जागरूक नागरिकों से आह्वान किया कि वे विदेशी उत्पादों के आकर्षण से दूर रहें और स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। इस रथ यात्रा के माध्यम से आम नागरिक स्कूली बच्चों को स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प दिलाया जा रहा है। स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सशक्त माध्यम है। जब हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं, तो देश का धन देश में ही रहता है, स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलती है और भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ता है। विधायक गोपाल भार्गव ने नागरिकों, पार्षदों एवं कैट पदाधिकारियों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष लकी अग्रवाल, वरूण सोनी, श्रीराम साहू, शमिक शर्मा, संतोष जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, अनिमेश शाह, कपिल मलैया, बृजेंद्र राठौर सहित कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में शुक्रवार को नगर पालिका अमला ने नगर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई । नगर पालिका अमला एवं गढ़ाकोटा पुलिस बल के साथ बस स्टैंड, घंटाघर, पथरिया रोड, रूई बाजार, हॉकी ग्राउंड विभिन्न जगहों पर जाकर दुकानदारों वाहनों चालकों को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। नवागत थाना प्रभारी शिवम दुबे ने बताया कि शुक्रवार के दिन बाजार का दिन रहता है यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए नगर पालिका एवं थाना पुलिस दोनों विभागों के द्वारा यह तय किया गया था कि जो भी दुकान दार या ठेले वाले हैं जो अनावश्यक रूप से यातायात को बाधित करने के उद्देश्य से गाड़ी लगा रहे हैं और जो ठेले लगा रहे हैं तो उनको ये हिदायत दी गई थी और जो फुटपाथ पर कब्जा किए हुए थे। उनको नगरपालिका के द्वारा ये निर्देश दिया गया है आगे भी हर शुक्रवार को दोनों विभाग कार्यवाही करेंगे।ओर हिदायत के बाद भी नहीं तो कठोर कार्रवाई की जायेगी। राजस्व प्रभारी मोहसिन खान ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी एवं नवागत थाना प्रभारी शिवम दुबे ने पुलिस बल के साथ जाकर अतिक्रमण न करने की हिदायत लोगों को दी।



### सांदीपनि विद्यालय रहली में अभिभावकों की उपस्थिति में किया गया प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों का आंकलन

**रहली।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार सांदीपनि स्कूल रहली में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा अंतर्गत एलकेजी व यूकेजी छात्रों के द्वितीय आकलन का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को आमंत्रित कर और उनके समक्ष बच्चों के मूल्यांकन के लिए गतिविधियाँ करवाकर समग्र प्रगति पत्रक भरा गया। इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप चौबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का सहयोग आवश्यक है। प्रभारी शिक्षक नीरज नेमा ने अभिभावकों को बताया कि ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा) आकलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास का मापन करना, व्यक्तिगत और समूह स्तर पर उनकी प्रगति को समझना, तथा सीखने के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार करना है। शिक्षिका रेखा साहू, सरोजनी अग्निहोत्री, आकांक्षा विश्वकर्मा, शालिनी दुबे व अभिभावक वंदना कुर्मी ने गतिविधियों को संपन्न कराया। इस अवसर पर शिक्षक अभिषेक शर्मा, अनिरुद्ध ठाकुर, नीरज शर्मा, सौरभ पटैल उपस्थित रहे।

### पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देती है गोवर्धन पूजा की लीला : चिन्मयानंद




**सागर।** खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के पश्चात भगवान की अनेकों लीला ब्रज में हुई। भगवान ने मात्र 14 दिनों में पूतना का वध किया और उस को मोक्ष प्रदान किया। भगवान की यही लीला है कि जो भगवान को भजते हैं उनको तो भगवान मुक्त करते ही हैं लेकिन जिन को भगवान मारते हैं वह भी भगवान के द्वारा मुक्त ही होते हैं। बापूजी ने कहा कि भगवान ने जो माखन चोरी की लीला की है वह लीला हमें संदेश देती है कि अपने मित्रों के साथ उनके जैसी बन कर ही व्यवहार करें। जहां पर कोई ऊंच-नीच ना हो कोई बड़ा छोटा ना हो । सभी के साथ समान व्यवहार हो और समाज में प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे के प्रति समान भाव रखें। ऐसा ही भाव सभी के मन में होना चाहिए। बापूजी ने कहा कि भगवान की जो गोपियों के वस्त्र चुराने की लीला है उसमें भी भगवान ने गोपियों की अविद्या का हरण किया । क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है कि किसी भी नदी या सरिता में हमें नग्न होकर स्नान नहीं करना चाहिए उसमें सरिता क्या नदी का अपमान है। भगवान ने उनकी इसी अविद्या का हरण किया। काली मर्दन की लीला से भी हमें यह शिक्षा लेनी चाहिए कि हमारी जीवन में किसी भी प्रकार का अहंकार नहीं होना चाहिए। काली नाग यमुना जी में खुद तो रहता था लेकिन जिस जगह में रहता था उस जगह का जल उसने इतना दूषित करके रखा था कोई भी व्यक्ति उसके पास जाए और वह मृत्यु के अधीन पहुंच जाता था और उसको इस बात का घमंड हो गया था। भगवान ने उसकी इसी घमंड को चकनाचूर किया। गोवर्धन लीला की कथा सुनाते हुए कहा कि इंद्र अपनी पूजा कराते कराते बहुत अभिमान में आ गया था और गोवर्धन की पूजा कराने से भगवान ने यह संदेश दिया कि इन वृक्षों पर फल फूल लगते हैं जिन वृक्षों की लकड़ियां हमें भोजन बनाने में सहायता प्रदान करती हैं। जहां पर गौ माता विचरण करती है ऐसे गोवर्धन नाथ की पूजा हमें करनी चाहिए। जो गोवर्धन नाथ सबको अपनी शरण में रखते हैं हम ऐसे गिर्राज जी की पूजा करें और प्रकृति की पूजा करने में ही सभी का भला है। पर्यावरण की सुरक्षा का विशेष संदेश गोवर्धन पूजा से भगवान ने दिया है। केबिनेट मंत्री गोविन्द्र सिंह राजपूत ने पूज्य बापू को शॉल-श्रीफल भेंट कर माल्यार्पण किया।




### कॉलेज चलो अभियान : विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर और छात्रवृत्ति योजनाओं से अवगत कराया

**गढाकोटा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चनौआ बुजुर्ग और सांदीपनी शासकीय साबूलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा में कॉलेज चलो अभियान चलाया गया। अभियान के सदस्यों सुश्री आकृति खरे, शिम्पी मौर्या, पुष्पेंद्र वर्मन, अभय सिंह यादव, बृजलाल अहिरवार, शरद चौबे, सचिन चौबे, राजा होलकर द्वारा विद्यालयों में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधानों, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास से जुड़ी समस्त गतिविधियों, उपलब्ध पाठ्यक्रमों और महाविद्यालय की सुविधाओं जैसे- प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्ष, खेल परिसर आदि कैरियर अवसरों, उच्च शिक्षा विभाग की समस्त छात्रवृत्तियों, प्रोत्साहन योजनाओं और ऑनलाइन ई- प्रवेश की प्रक्रिया से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यार्थियों से कार्यक्रम का प्रभाव एवं उपयोगिता जानते हुए महाविद्यालय भ्रमण के लिए भी आमंत्रित किया गया। कॉलेज चलो अभियान में स्कूल के स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कॉलेज चलो अभियान गढ़ाकोटा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न हायर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं हेतु चलाया जा रहा है।

**अटल जी की 100वीं जन्म जयंती पर शून्य से शतक कार्यक्रम का आयोजन आज**

# सागर के युवा पारंग शुक्ला को इंदौर में मानव एवं पशु सेवा के लिए अटल अलंकरण सम्मान उपराष्ट्रपति द्वारा दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं राजनीति में सुचिता के प्रतीक स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के 100 वें जन्म जयंती वर्ष के मौके पर इंदौर में 21 दिसंबर को एक कार्यक्रम शून्य से शतक का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में देश के उपराष्ट्रपति, प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में चार विद्वानों को अटल अलंकरण से अलंकृत किया जाएगा।

इनमें सागर के पशुसेवक पारंग शुक्ला भी शामिल है। युवा पशु सेवक पारंग शुक्ला और उनकी टीम पिछले कई सालों से पशुओं और लाचार और बीमार लोगों की सेवा और इलाज के लिए कार्य कर रही है। इस टीम ने कई ऐसे मरीजों की सेवा की जिनकी शारीरिक हालत सड़ने और बदबूदार हो गए थे। उनको इलाज की बेहतर व्यवस्थाएं कराई और स्वस्थ हालत में लाया। पारंग शुक्ला और वासु चौबे की टीम को कई जगह सम्मानित भी किया जा चुका है।



### इंदौर में होगा सम्मान

पिछले दिनों इंदौर में अटल फाउंडेशन की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद शंकर लालवानी एवं फाउंडेशन की अध्यक्ष माला वाजपेयी तिवारी ने बताया कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वें जन्म जयंती वर्ष के मौके पर पूरे वर्ष देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में अब वर्ष समाप्त होने से पूर्व 21 दिसंबर को डेली कॉलेज के धीरूभाई अंबानी सभागृह में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शून्य से शतक के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, राज्यपाल मंगू भाई पटेल और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर आ रहे हैं।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसंबर को दोपहर 3:00 बजे किया गया है। इस कार्यक्रम में बीएसएफ के बैंड के द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि सत्यनारायण सत्तन, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, भारतीय क्रिकेट टीम चयन समिति के पूर्व चयनकर्ता संजय जगदाले और सागर के पारंग शुक्ला को अटल अलंकरण से अलंकृत किया जाएगा।

इस अवसर पर अटलजी के जीवन पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। अटल जी से जुड़े संस्मरणों पर आधारित किताब के तीसरे एडिशन सदा अटल महा ग्रंथ के कवर पेज का लोकार्पण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन सहित कई राज्यों के मंत्री और सांसद भी भाग लेंगे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 22 क्वार्टर रसभरी के साथ दबोचा

**ललितपुर।** थाना बार में तैनात उप निरीक्षक सिपाही लाल ने बताया कि वह अपने साथ उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के साथ बार से दशरारा रोड पर गश्त कर रहा था। तभी नहर की ओर से मोटर साइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति आये, जिन्हें रोकते हुये पूछताछ की तो उक्त लोग पीठ पर लदी बोरी को फेंकते हुये भागने लगे। लेकिन घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी गंगाराम पुत्र मोतीलाल बताया। पुलिस ने उसके पास से बोरी में 22 क्वार्टर देसी पैड रसभरी को बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गये युवक ने बताया कि वह देसी शराब की दुकान से 55 रुपये का क्वाटर लाकर 65 रुपये में बेचकर रुपये कमाता है।

### आंख में गुलेल मारकर घायल करने पर केस दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना में रहने वाले जाहिद पुत्र मुनब्बर शाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 10 बजे वह मजदूरी करने ईमामी कब्रिस्तान जा रहा था। तभी रास्ते में कैलगुवां रोड पर टपरियन के पास रहने वाला कबूतरा समाज के दीपेश व पुना मिले, जिनमें से दीपेश ने उसकी सीधे आंख में गुलेल से पत्थर मार दिया, जिससे उसकी आंख में गम्भीर चोट आयी है। आंख में चोट आने के कारण उसे दिखाई देना बंद हो गया है। जब उसने गुलेल मारने का विरोध किया तो पूना ने गालियां देते हुये उसे लात-घूसों से मारापीटा, जिससे उसे चोटें आयीं और उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पति को जान से मारा अब पत्नी को धमका रहे

**ललितपुर।** मोहल्ला विष्णुपुरा रामनगर निवासी आशा पत्नी स्व. अशोक बरार ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये आरोप लगाया कि उसके पति को जान से मार डालने के बाद अब उसे प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। महिला के अनुसार उसके पति को पूर्व में हरीशंकर व कुटू उर्फ राहुल पुत्रगण स्व.रतीराम, मिथला पत्नी स्व.रतीराम, विनोद पुत्र प्रेम बरार, लकी पुत्र मनोज ने एकराय होकर विगत 26 अप्रैल 2025 को जान से मार दिया था। इस प्रकरण में उक्त लोग एक माह पहले जेल में निरूद्ध चल रहे थे। अब पांचों लोग जमानत पर बाहर आ गये हैं। महिला ने बताया कि 15 दिसम्बर को अपराह्न 3.30 बजे उक्त लोगों ने बाहर के दो व्यक्तियों के साथ उसके घर आये और गालियां देते हुये अंदर घुसने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसके छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिन्हें जान का खतरा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्री को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 दिसम्बर को सुबह करीब 4 बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कचहरी परिसर से चोरी हुई बाइक

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम रखवारा में रहने वाले कुंवर सिंह पुत्र माखन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 13 दिसम्बर को अपराह्न 12 बजे वह कचहरी परिसर में अपने पिता माखन सिंह के नाम दर्ज एच.एफ. डीलक्स गाड़ी नं. यू.पी.94 आर 7503 से आया और अपनी बाइक को कचहरी परिसर के अंदर खड़ा कर दिया। कुछ समय बाद वह काम समाप्त कर गाड़ी के पास आया तो मौके से उसकी गाड़ी गायब थी। उसने गाड़ी को आसपास काफी खोजबीन किया, लेकिन वह नहीं मिली।

# बछरई गांव में युवक की हत्या की, टायर व पत्थर सिर पर रखे मिले

## दोस्तों पर पार्टी के बाद हत्या का शक, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम बछरई के एक घर में युवक का शव पतले कम्बल से ढका हुआ मिला। मृतक के सिर पर गाड़ियों के टायर रखे पाये गये। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। संदिग्धावस्था में युवक के कमरे में मिले शव के बाद अब पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। इधर घटना में हत्या का मामला प्रतीत हो रहा था, वहीं पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गुरूवार देर रात दोस्तों के साथ हुयी पार्टी के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान दीपक प्रजापति पुत्र मुन्नालाल 26 वर्ष के रूप में हुई है, जो बछरई गांव का निवासी था। गुरुवार शाम उसे गांव के एक दोस्त के साथ घर की ओर जाते देखा गया था। शुक्रवार सुबह जब दीपक के माता-पिता मुन्ना लाल और उनकी पत्नी दिल्ली से मजदूरी कर घर लौटे, तो उन्हें दीपक घर पर नहीं मिला। गांव वालों से पूछताछ के बाद वे अपने घर पहुंचे, जहां दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिला। दीपक का शरीर चादर से ढका था और उसके चेहरे पर एक गाड़ी का टायर, एक बड़ा पत्थर और लकड़ी रखी हुई थी। बेटे



का शव देखकर माता-पिता सदमे में आ गए। पिता ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नाराहट थानाध्यक्ष पारुल चंदेल और क्षेत्राधिकारी (सीओ) मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि दीपक अपने माता-पिता के साथ दिल्ली में मजदूरी करता था और दस दिन पहले ही गांव आया था। जिस दोस्त पर हत्या का शक है, वह गांव में अकेला रहता है। उसके माता-पिता का निधन हो चुका है और बहनें शादी के बाद अपने ससुराल में रहती हैं। प्रारंभिक आशंका है कि पार्टी के दौरान दोस्त ने गला दबाकर दीपक की हत्या की है।

## अधिवक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत

# जिला बार एसोसिएशन परिसर में ऑनलाइन स्पीड पोस्ट काउंटर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और न्यायिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा। बार एसोसिएशन परिसर में भारतीय डाक विभाग की ऑनलाइन स्पीड पोस्ट सेवा का भव्य शुभारंभ किया गया।**



ललितपुर जिला बार एसोशियेशन परिसर में डाक विभाग की इस नई पहल का नेतृत्व पोस्ट मास्टर रणजीत वर्मा ने किया। उनके कुशल दिशा-निर्देशन में इस काउंटर को स्थापित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं और वादकारियों को उनके कानूनी पत्राचार के लिए त्वरित और सुलभ साधन उपलब्ध कराना है। यह विशेष काउंटर नियमित रूप से निम्नलिखित समय पर उपलब्ध रहेगा, प्रारंभ सुबह 10 बजे, समाप्ति सायंकाल 4.30 बजे तक रहेगी। अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को मिलेगा सीधा लाभ।

### कार्यों में स्पीड पोस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती

इस अवसर पर पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन झब्बू ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कोर्ट कचहरी के कार्यों में स्पीड पोस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अक्सर नोटिस, सम्मन और आवश्यक दस्तावेज़ भेजने के लिए अधिवक्ताओं को मुख्य डाकघर की दौड़ लगानी पड़ती थी। इस सुविधा के मुख्य लाभ, समय की बचत होगी,परिसर के भीतर सेवा होने से अधिवक्ताओं और न्यायिक कर्मचारियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। त्वरित न्याय प्रक्रिया, अदालती दस्तावेजों का समय पर प्रेषण सुनिश्चित हो सकेगा। सुविधाजनक ट्रैकिंग, ऑनलाइन सेवा होने के कारण पत्रों की स्थिति को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। इस शुरुआत के दौरान विधि जगत से जुड़े कई वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने डाक विभाग के इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य मौजूद थे। इस दौरान गोविंद नारायण सक्सेना, प्रतीश तिवारी, हरीश अग्रवाल, दर्शन बड़ौनिया, सुरेंद्र लोधी, रोहित कुशवाहा, आकाश झा, ओमप्रकाश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, प्रताप यादव एवं अन्य गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे। जिला बार एसोसिएशन में इस काउंटर के खुलने से न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि डाक विभाग और न्यायिक प्रणाली के बीच समन्वय भी बेहतर होगा।

## कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया

# भाजपा की नीतियों का विरोध, सरकार कर रही ईडी का दुरुपयोगः जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला व नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस के निर्देश अनुसार जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव किया किया, जिस सभी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित हुए तथा भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार के विरोध में भारी नारेबाजी की तथा भाजपा की नीतियों का विरोध किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुर्भावना से ग्रस्त होकर यंग इण्डिया को लेकर ई.डी. की कारईवाई की गई, जिसका मामला न्यायलय में चल रहा था। न्यायलय ने अपना फैसला देते हुए सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी ने दुर्भावना से ग्रसित होकर दायर आरोप पत्र अवैध पाया है। अदालत कहा कि ई.डी. की कार्रवाई उसके क्षेत्र अधिकार के बाहर व अवैध है। यह मामला मनी लानड्रिग का भी नहीं है, सम्पति का भी कोई हस्तारण नहीं हुआ। यह सभी आरोप निराधार व राजनीति की दुर्भावना से प्रेरित है। न्यायालय के आदेश से केन्द्र सरकार व भाजपा के मंसूबे सारे देश के सामने वे-नकाब हो गए है। कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व सत्य व भारतवासियों के अधिकारों को लडऩे के लिए प्रतिबद्ध है। हमें कोई डरा नहीं सकता क्योंकि हम सत्य के लिए लड़ते है। मोदी सरकार की बदनियत और गैर कानूनी तरीके की न्यायलय ने पोल खोल रख दी है। घेराव के दौरान नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, नेहा तिवारी, शशिकांत दीक्षित, रामभरोसे कुशवाहा, रामसिंह यादव, मुकेश रजक, मोहन कुशवाहा, राहुल सेन, पप्पू तिवारी, प्रेमशंकर गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, रामकुमार अहिरवार, बॉबी राजा, मु.इमरान, मु.असलम आदि उपस्थित थे।

## साप्ताहिक परेड में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# एसपी ने परेड की सलामी ली, ड्रेस कोड व तालमेल की गुणवत्ता का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एसपी मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में निर्माणाधीन साइबर क्राइम थाना का निरीक्षण कर, सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैन्टीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। एसपी ने डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।

एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी मो.मुश्ताक ने मेस के निरीक्षण में मीनू के अनुसार साफ एवं स्वच्छ तरीके से तैयार किये गये। भोजन की गुणवत्ता जांचकर, मेस मैनेजर कां.रंजीत कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्साहवर्धन हेतु 500 रुपये की नगद धनराशि के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### अक्टूबर में दुर्घटना में हुई महिला की मौत एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैराडांग में रहने वाले रहीश यादव पुत्र स्व.लखनलाल ने तालबेहट कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि बीती 19 अक्टूबर 2025 को वह अपनी पत्नी अभिलाषा व 7 माह के पुत्र रिषभ को लेकर मोटर साइकिल से मुहारा गांव से अपनी बहन के गांव अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.एच. 2496 से जा रहा था। वह रात करीब 8 बजे जैसे ही असऊपुरा से ललितपुर की ओर मंदिर के पास पहुंचा तो वह लघुशंका करने के लिए सड़क से करीब 15-20 फुट की दूरी पर गाड़ी खड़ी कर दी। आरोप है कि झांसी की ओर से आ रही गाड़ी संख्या यू.पी. 80 ए.जेड. 5183 ने तेजी व लापरवाही से उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी अभिलाषा व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। वह दोनों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचा, जहां कुछ उपचार के के बाद उसकी पत्नी को झांसी रेफर कर दिया गया।

# बंगरिया में बन रहे फोर लाइन से रास्ता दिलाने की मांग की

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** विकास खण्ड बिरधा अंतर्गत ग्राम बंगरिया में एनएचएआई द्वारा बनाये जा रहे फोर लेन में ग्रामीणों को आवागमन के लिए रास्ता व कट दिये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लामबंद होकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि बंगरिया गांव के पास एन.एच.ए.आई. द्वारा फोर लेन का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस लाइन में न तो रास्ता दिया जा रहा है और न ही कट निकाला जा रहा है, जिससे ग्रामीणों ने काफी दूरी से निकल कर आना-जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि लोगों को बैंक, बच्चों को स्कूल घनी बस्ती में हैं। बताया कि जब इस सम्बन्ध में एनएसएआई के सम्बन्धित ठेकेदारों से बात की तो वह आश्वासन तो दे रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर रास्ता दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय भूपेन्द्र सिंह, लालचंद्र, धर्मदास, सतेन्द्र, जगदीश प्रसाद, जगरोपन, कल्यान, सुग्रीव, शिवचरन, भागीरथ, नीलेश, सुमित, कमलेश, लम्पू, धर्मेंद्र, राहुल प्रताप सिंह, हरीसिंह, संतोष, भजनलाल, पुनू, शैलेन्द्र सिंह, पवन, विक्रम सिंह, रामस्वरूप, केहर सिंह, हुकुम सिंह, बाबू, राजेश, भरत, जसरथ, दया के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

## समिति की कार्यशाला हुई

# जनजागरुकता, नदी संरक्षण व स्वच्छता पर जानकारी दी




**ललितपुर।** जिला गंगा समिति के अंतर्गत गंगा ग्राम सेवा समिति की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग कार्यालय में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर नदी संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। इस दौरान परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे द्वारा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त ग्राम की अवधारणा तथा वृक्षारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला गंगा समिति सदस्य रुचिका बुंदेला ने बताया कि गंगा ग्राम समितियों की सक्रिय भूमिका से ही नदी पुनर्जीवन एवं स्वच्छता अभियान को गति मिल सकती है। जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ब्रजेश तिवारी द्वारा सदस्यों से अपील की गई कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक करें। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने गंगा एवं अन्य नदियों को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने का संकल्प लिया तथा ग्राम स्तर पर नियमित गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया।

### रिश्तेदारी में आए युवक की स्कॉर्पियो की टक्कर से मौत

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना ईसागढ़ के ग्राम भियाखेड़ी में रहने वाले सीताराम कलावत पुत्र हरदास ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र रविन्द्र कलावत व अभिषेक पुत्र मुकेश ग्राम कालापहाड़ रिश्तेदारी में आये हुये थे। 1 दिसम्बर की शाम करीब 4 बजे दोनों अपने घर अपनी मोटर साइकिल नम्बर एम.पी.67 एम.एच. 7078 से अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी राजघाट रोड पर सामने से आ रही स्कॉर्पियो नं. एम.पी. 09 सी.आर. 9973 ने उसके पुत्र की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र रविन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके छोटे भाई धर्मेंद्र को जब इसकी जानकारी हुयी तो धर्मेंद्र ने मौके पर पहुंच कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया व अभिषेक को गंभीर हालत के कारण गुना रेफर कर दिया।

## कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला हुई

# छात्र-छात्राओं को कॅरियर मार्गदर्शन दिया व स्किल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज नाराहट में जिला सेवायोजन विभाग की ओर से लक्ष्य निर्धारण व समय प्रबंधन से सफलता विषय पर कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ जिला सेवायोजन अधिकारी नरेन्द्र व गगन चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य काउंसलर गगन चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया व स्किल डवलपमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के छात्र छात्राओं को कई कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। जिनका प्रशिक्षण प्राप्त कर आप लोग सरकारी सेवाओं में जा सकते हैं साथ ही स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं।

उन्होंने हाई स्कूल व इंटर के बाद होने वाले व्यवसायिक पाठ्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। प्रबंधक उमाकांत मिश्रण में छात्र-छात्राओं से अपना लक्ष्य निर्धारण कर उसे पर पूरी लगन से मेहनत करने हेतु प्रेत किया उन्होंने कहा कि यदि आप पूरे समर्पण महुची अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं और समय का सदुपयोग करते हैं तो जीवन में कभी असफल नहीं हो। प्रभारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न निशुल्क रोजगार परक प्रशिक्षण संचालित किए जा रहे हैं, जिनका लाभ आप सभी इंटर पास व 18 बर्ष की आयु पूर्ण कर, कर सकते हैं। इस दौरान उमेश कुमार, प्रधानाचार्य राजीव पुरोहित, ऋषि पांडे, संजीव कुशवाहा, दयाराम राठौर, रूपेश गौतम, अरविंद रैकवार, सोनू राज, मनोहर विश्वकर्मा, लक्ष्मी कुशवाहा, शिवानी बुंदेला, इंदु तिवारी, कामना, सृष्टि, रघुवर दयाल आदि मौजूद रहे।

अगरा थाना में हुई घटना के विरोध में सहरिया समुदाय ने घेरा थाना, दिया धरना

# आदिवासी को थाने में पेड़ से बांधकर पीटा, थाना प्रभारी हुए लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के अगरा थाना में शनिवार को एक आदिवासी को अवैध निरोध में रखकर मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सहरिया समुदाय ने विरोध करते हुए थाने का घेराव कर दिया जिसकी सूचना मिलने पर भाजपा नेता भी मौके पर पहुंच गए और थाना प्रभारी सहित स्टाफ पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग कर डाली सूचना मिलने पर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर मौके पर पहुंचे एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने धरना दे रहे लोगों से चर्चा करते हुए उन्हें मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने के बाद नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया है। एसपी द्वारा थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है।

शनिवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें राम गिरी नामक आदिवासी युवक जो हथकड़ी से जकड़ा हुआ दिखाई दे रहा था संभवतः वह हवालात के भीतर था और बोलता दिखाई पड़ रहा था कि उसे जबरन झूठे केस में थाना प्रभारी सुमेर धाकड़ फसाने के लिए थाने उठा लाया है और उससे मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार करवाने के लिए उसके साथ डंडों से व पट्टों से मारपीट की गई। दूसरे वीडियो में मारपीट के निशान भी देखे जा रहे हैं इसकी जानकारी मिलने के बाद सहरिया समुदाय ने थाने का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर भाजपा नेता जिनमें मध्य प्रदेश सहरिया विकास का प्राधिकरण के अध्यक्ष (मंत्री दर्जा) तुर्शनपाल आदिवासी, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद जादोन, जिला उपाध्यक्ष परिचित धाकड़ आदि भी थाना परिसर में चल रहे सहरिया समुदाय के धरना प्रदर्शन में शामिल हो गए। इस दौरान जब भाजपा नेताओं ने पुलिस से संबंधित आदिवासी को अवैध निरोध में रखने का कारण मांगा तो उनके पास जवाब देने के लिए कोई शब्द ही नहीं थे रोजनामचा में ना तो आरोपी का नाम लिखा गया था न हीं उसके नाम की कोई शिकायत किसी के द्वारा की गई थी। जबरिया थाने की हवालात में बंद कर मारपीट करने वाले कृत्य को भाजपा नेताओं ने मानवता को शर्मसार करने और सरकार की छवि खराब करने वाला बताते हुए जानकारी से एसपी सुधीर अग्रवाल को अवगत कराते हुए तत्काल थाना प्रभारी पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीओपी द्वारा दी गई समझाश के बाद सहरिया समुदाय के लोग ओर भाजपा नेताओं ने धरना समाप्त किया। आंदोलनकारी थाना प्रभारी ओर स्टाफ पर एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे लेकिन एसडीओपी ने इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की बात कही है।

उधर थाना प्रभारी सुमेर सिंह धाकड़ का इस संबंध में कहना है कि मुझे इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। बच्ची की तबीयत खराब है, उसका इलाज कराने के लिए मै विजयपुर आया हुआ हूं।



### एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

मौके पर पहुंचे एसडीओपी ने पीड़ित आदिवासी और पूरे समाज को निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया इस दौरान पीड़ित की ओर से ज्ञापन के रूप में आवेदन भी दिया गया जिसमें उल्लेख है कि दिनांक 19 दिसंबर को अगरा थाना प्रभारी सुमेर सिंह धाकड़ द्वारा रामगिरी आदिवासी के खिलाफ पहले सार्वजनिक रूप में पेड़ से बांधकर ओर बाद में थाने की हवालात के भीतर अवैध निरोध में रखकर मारपीट करते हुए जातिसूचक गालियां दी गई। इस कृत्य पर थाना प्रभारी के खिलाफ अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए उसे तत्काल थाना से हटाया जाए।

### इनका कहना है...

थाना प्रभारी ने गरीब और निरपराध आदिवासी को पेड़ से बांधकर और हवालात के भीतर अवैध निरोध में रखकर मारपीट की है। उसे जाति सूचक गालियां दी है यह कृत्य सरकार की उजली छवि को खराब करने वाला है में इसका विरोध करने थाना पहुंचा था और थाना प्रभारी पर दंडात्मक कार्रवाई के लिए सभी आला अधिकारियों को बोल दिया गया है।

**तुरसन पाल आदिवासी**
**अध्यक्ष सहरिया विकास प्राधिकरण (मंत्री दर्जा)**

थाना प्रभारी जब से आए हैं तब से ही क्षेत्र में आतंक मचाए हुए हैं। लूट खसोट करने गरीब आदिवासियों की मारपीट करने के आरोप लगातार उन पर लग रहे हैं। विगत दिनों कलेक्टर जब यहां जनसुनवाई करने आए थे तब भी उनकी शिकायत की गई थी। थाना प्रभारी को तत्काल हटाए जाने की मांग मैंने एसपी से करने के साथ अपने सभी आला नेताओं से भी की है।

**अरविंद जादोन**
**भाजपा जिला महामंत्री श्योपुर**

एक आदिवासी युवक की थाने में मारपीट किए जाने संबंधी आवेदन दिया गया है। जिसकी मेरे द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल थाना प्रभारी को पुलिस लाइन के लिए रवाना कर दिया गया है।

**राघवेन्द्र सिंह तोमर**
**एसडीओपी,विजयपुर**

देहात थाना क्षेत्र के सेमल्दा हवेली गांव की घटना

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिसकी इलाज के दौरान राजस्थान के कोटा अस्पताल में मौत हो गई। यह मामला देहात थाना क्षेत्र के गांव सेमल्दा हवेली का है। देहात थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सेमल्दा हवेली निवासी रणजीत सिंह 35 वर्ष पुत्र अंग्रेज सिंह सिख ने गुरूवार को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर पर जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिसका पता परिवार के लोगो को उसकी हालत बिगडने पर चला। हालांकि जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का पता नहीं चला,लेकिन परिवार के लोग रणजीत की हालत बिगडने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए,जहां उसे गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के बाद रैफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे राजस्थान के कोटा अस्पताल ले गए,जहां शुक्रवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। राजस्थान की कोटा पुलिस के द्वारा पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग डायरी को श्योपुर देहात थाने के लिए भेज दिया। मर्ग डायरी आने के बाद देहात थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर सीएमओ ने की कार्रवाई

# बिन पार्किंग संचालित हो रहे तीन मैरिज गार्डनों पर चेतावनी के साथ लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने और सड़कों पर गाड़ियां खड़ी कर यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले तीन लापरवाह मैरिज गार्डन संचालकों पर कार्रवाई करते हुए सीएमओ आरआर यादव ने पांच पांच हज़ार रुपए के जुर्माना से दंडित किया है। नगरपालिका की यह कार्रवाई कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर की गई है।

नगरपालिका में हेल्थ ऑफिसर अरविंद पाराशर ने बताया कि शहर में संचालित मैरिज गार्डन के कारण यातायात व्यवस्था भंग होती ही रहती है साथ ही तेज आवाज में डीजे बजाने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई खराब हो रही है। इसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सीएमओ आरआर यादव को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद सीएमओ ने खुद टीम बनाकर शहर के मैरिज गार्डनों का शनिवार को निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने शिवपुरी रोड स्थित वृंदावन मैरिज गार्डन, पाली रोड स्थित होटल जयश्री एवं मानसिंह पैलेस पर पांच पांच हज़ार रुपए का जुर्माना चेतावनी के साथ किया है। आगे से सुधार नहीं होने पर संबंधित मैरिज गार्डन को शील्ड करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।



### क्या है मैरिज गार्डन संचालन के नियम

मैरिज गार्डन संचालन के लिए जो नियम जरूरी है उनमें मैरिज गार्डन के भीतर पर्याप्त मात्रा में वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग की सुविधा होना जरूरी है। मैरिज गार्डन संचालक को प्रदूषण नियम का पालन करना होगा, यानी रात 10:00 बजे के बाद डीजे बैंड बाजा पूरी तरह से बंद रहेगा। इससे पहले कम आवाज में बजाई जाने की परमिशन रहेगी। मैरिज गार्डन के भीतर अग्निशमन यंत्र चालू हालत में होना चाहिए। मैरिज गार्डन में चोरी एवं इस तरह की घटना रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए।

# बीईओ ने ली बच्चों की क्लास, शिक्षकों को दिए अतिरिक्त समय देने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को ढर्रे पर लाने के उद्देश्य से किए जा रहे निरीक्षण के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर मधु शर्मा ने शनिवार को श्योपुर विकास खण्ड के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में बच्चों की क्लास लेकर शैक्षणिक स्थिति जानी तथा कमज़ोर बच्चों को अतिरिक्त समय देने के निर्देश दिए।

संकुल केंद्र ढोढर अंतर्गत हायर सेकेंडरी ढोढर, माध्यमिक विद्यालय आबादी पंजाबी, प्राथमिक विद्यालय रामगढ़, माध्यमिक विद्यालय सेमल्दा, हाई स्कूल सेमल्दा, माध्यमिक विद्यालय रामबाड़ी, हाई स्कूल आबादी पंजाबी का खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने औचक निरीक्षण किया जिसमें बच्चों की विद्यालय में कम उपस्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की एवं दो दिवस में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने की निर्देश दिए एवं मध्यान्ह भोजन में सुधार के लिए निर्देशित किया। हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयो में क्लास लेकर शैक्षणिक स्थिति जानी ओर कमज़ोर बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय देने के निर्देश दिए।

# शिक्षक आज रैली निकालकर देंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग तथा ई अटेंडेंस के विरोध की मांग को लेकर जिले के शिक्षक 21 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे शहर के श्री हजारेश्वर पार्क में जुटेगे।इसके बाद रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेगे। राज्य शिक्षक संघ के श्योपुर जिलाध्यक्ष रामचरित रावत ने बताया कि राज्य शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के आह्वान पर नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग एवं इ अटेंडेंस के विरोध में रविवार को जिला मुख्यालय पर रैली निकालकर ज्ञापन सौपा जाएगा। इसके लिए जिले के सभी शिक्षक श्योपुर के श्री हजारेश्वर पार्क में एकत्रित होगे।इसके बाद यहां से रैली निकालेगे। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी। जहां रैली में शामिल सभी शिक्षक अपनी दोनो मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम दिया जाएगा।ब्लॉक अध्यक्ष विजयपुर शैलेंद्र श्रीवास्तव,ब्लॉक अध्यक्ष कराहल महेंद्र मुद्गल, ब्लॉक अध्यक्ष श्योपुर धन्नालाल सुमन, ब्लॉक अध्यक्ष बडौदा अनंत राम मीणा ने जिले के सभी शिक्षकों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# अनगढ़ बालाजी मंदिर पर हुआ हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दांतरदा में आगामी 5 जनवरी को मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए गठित हिंदू सम्मेलन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है।

हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के क्रम में समिति ने शनिवार को गांव के प्रसिद्ध अनगढ बालाजी मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के पदाधिकारी व अन्य ग्रामीणों के द्वारा उत्साह के साथ भागीदारी की गई।



### गुरु गोबिंद सिंह बस्ती का हिंदू सम्मेलन 11 को


श्योपुर। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमो की श्रंखला में शहर की गुरु गोबिंद सिंह बस्ती में आगामी 11 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन समिति के द्वारा बताया गया है कि यह हिंदू सम्मेलन शहर के बायपास रोड स्थित हैवीमशीनरी टीनशेड में आयोजित किया जाएगा। रविवार 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे इस हिंदू सम्मेलन को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# कनापुर के पास पहुंचा चीता, खेतों में काम कर रहे मजदूरों में मची दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से निकला एक चीता शनिवार की सुबह कनापुर गांव के पास श्योपुर खातौली मार्ग पर देखा गया। अचानक इस चीते को देख वहां खेतों में काम कर रहे मजदूर डरकर भाग गए बाद में चीता आराम से चहलकदमी करता हुआ वहीं खेतों में दुबक कर बैठ गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि चीता का मूवमेंट खातौली राजस्थान की ओर दिखाई पड़ रहा था।

किला बस्ती में रहने वाले मुन्ना पटेल ने बताया कि उसके मजदूरों ने सुबह के समय खेत में काम करते समय चीते को बेहद नजदीक से देखा। अपने पास अचानक पहुंचे चीता को देख भलेही मजदूर डर कर भाग खड़े हुए लेकिन चीता मानव उपस्थिति से बिल्कुल भी डरा हुआ नहीं दिखा। चीता जिस तरह से खेत में विचरण कर रहा था उससे उसे लोगों की उपस्थिति का बिल्कुल भी डर नहीं लगता दिखाई पड़ा। हालांकि मज़दूरों ने शोर कर उसे भगाने का प्रयास भी किया लेकिन चीता की ओर से इस शोर शराबा पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। चीता कनापुर की पुलिया से आगे पेट्रोल पंप के पास एक खेत में देखा गया था जहां से वह विचरण करता हुआ दूसरे खेतों की ओर शायद शिकार की गरज से आगे निकल गया।



### चीता के डर से कनापुर गांव में रतजगा

हालांकि चीता श्योपुर खातौली हाईवे के पास खेतों में देखा गया लेकिन उसकी उपस्थिति की दहशत कनापुर गांव में भी व्याप्त हो गई। चीते के आने की सूचना मिलने के बाद रात को गांव में लोग झुंड बनाकर जागते देखे गए खासकर ग्रामीणों अपने मवेशियों को बाड़ों से निकाल कर पक्के घरों में छुपाने का काम भी किया। ग्रामीणों को शक था की चीता शिकार के उद्देश्य से उनके बाड़े में घुसकर मवेशियों को मार सकता है।

पुलिस को मामले की जांच के दौरान मिले अहम सुराग

# रिंकू धाकड़ हत्याकांड: मृतक के परिवार के लोगों की तरफ घूमी पुलिस की शक की सुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सहसराम मौजा स्थित खेत पर पानी देने के लिए पहुंचे युवक रिंकू धाकड की गला रेत कर की गई निर्मम हत्या किसने की,इसका फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है,लेकिन इस अंधे कत्ल के मामले में पुलिस की शक की सुई मृतक के परिवार के लोगों की तरफ घूम गई है। दरअसल मृतक के ससुरालीजनों ने शव के साथ चक्काजाम करते हुए आरोप लगाया था कि मृतक की हत्या उसके परिवार के लोगों के द्वारा ही की गई है। सूत्रों से पता चल रहा है कि जब पुलिस ने ससुरालीजनों के आरोपो को ध्यान में रखते हुए अपनी जांच की कार्रवाई को आगे बढाया तो पुलिस को कई अहम सुराग मिल गए है। जिसके चलते पुलिस के अधिकारी इस हत्याकांड का खुलासा जल्द होने की बात कह रहे है।

यहां बता दें कि ग्राम धोबनी निवासी रिंकू 29 वर्ष पुत्र पूरन धाकड बुधवार को सहसराम के हार में मौजूद खेत में खडी सरसों की फसल में पानी देने के लिए पहुंचा। जहां रात्रि के दौरान उसकी गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या किसी धारदार हथियार से की गई। इसका पता बुधवार की रात को तब चला,जब मृतक के पिता और भाई सहित अन्य परिजन उसकी तलाश करते हुए खेत पर पहुंचे,जहां उन्हें खेत पर बने कमरे में रिंकू की खून से लथपथ पडी लाश मिली। उसके गले में किसी धारदार के हथियार के हमले के निशान साफ बता रहे थे कि उसकी हत्या गले पर हथियार से वार करके की गई है।



### ससुरालीजन लगा रहे परिजनों पर हत्या करवाने का आरोप

मृतक रिंकू धाकड के शव को जब पीएम के बाद विजयपुर से धोबनी गांव के लिए ले जाया जा रहा था,तभी मृतक के ससुरालीजनों ने उसके शव को धोबनी गांव के तिराहे पर ही रोक लिया और वाहन से शव को उतारकर उसे सडक पर रख दिया और साथ में ससुराली पक्ष के लोग भी जाम लगाकर बैठ गए। जब उनके पास एसडीओपी विजयपुर पहुंचे तो ससुरालीजनों ने साफ शब्दो में यह आरोप लगाया कि रिंकू की हत्या जमीन को लेकर करवाई गई है। जिसे मृतक के पिता,भाई और भाभी के द्वारा ही मिलकर अंजाम दिलवाया गया है। उस समय एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर ने ससुरालीजनों से चर्चा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया था कि अज्ञात आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच में यदि मृतक के परिजनों के ही शामिल होने के सबूत मिलेगे तो पुलिस उन्हें हत्या के मामले में गिरफ्तार करके उन्हें सलाखों के पीछे जरूर भेजेगी।

### जमीन हो सकती है हत्या का कारण

अभी रिंकू धाकड की हत्या करने वाले आरोपी नामजद नहीं हो सके है,लेकिन पुलिस को जांच के दौरान कुछ ऐसे सबूत हाथ लग गए है,जिसके जरिए रिंकू की हत्या जमीन संबंधी विवाद को लेकर किए जाने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस के अधिकारी अभी इस संबंध में कुछ नहीं बता रहे है,लेकिन सूत्र बता रहे है कि जिस खेत में खडी सरसों की फसल में पानी देने के लिए रिंकू आया था, विवाद उसी खेत को लेकर होने का अंदेशा लग रहा है। खैर कारण जो भी हो,लेकिन पुलिस इस मामले का खुलासा 31 दिसंबर से पहले करने की पूरी कोशिश में लगी हुई है। क्यांकि 31 तक इस मामले का खुलासा नहीं हुआ तो यह मामला पेडिंग मामलों में गिना जाएगा। ऐसे में गसवानी थाना पुलिस भी नहीं चाहेगी कि यह मामला नए साल के दौरान पेडिंग मामलों में गिना जाए।

### इनका कहना है...

ससुरालीजनों ने मृतक के परिवार के लोगों पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है,जिसकी जांच की जा रही है। इसलिए अभी इस संबंध में कुछ बताना संभव नहीं है,लेकिन तय मानिए जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

**प्रवीण भूरिया**
**एएसपी,श्योपुर**

# रेडक्रॉस पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन,अमित सभापति तो राजेंद्र बने कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा श्योपुर अर्पित वर्मा की उपस्थिति में रेडक्रॉस के पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निषादराज भवन श्योपुर में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभापति के रूप में अमित सूद एवं कोषाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

इसके साथ ही प्रबंध समिति के सदस्यों का चयन भी सहमति से किया गया। निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी बीएस श्रीवास्तव के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सर्वप्रथम प्रबंध समिति का निर्वाचन सभी सदस्यों की सहमति से किया गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से सभापति पद पर अमित सूद तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा श्योपुर अर्पित वर्मा की ओर से उपाध्यक्ष पद पर जुगल बंसल को नामांकित किया गया। सचिव पद के लिए दिनेशराज दुबोलिया का नाम अनुमोदित किया गया। निर्वाचन परिणामों की घोषणा के साथ ही निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# भतीजे ने कर डाली चाची के साथ मारपीट, कोतवाली में एफआईआर दर्ज

**श्योपुर।** चचिया सास और बहू के बीच हुई कहासुनी की बात पर भडके भतीजे ने अपनी चाची की मारपीट कर दी। यह मामला शहर की कुम्हारखेडली का है। कोतवाली पुलिस ने चाची की शिकायत पर भतीजे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कुम्हार खेडली निवासी महिला खुशबू कुशवाह पत्नी शिशुपाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे जेठ के लडके गोलू कुशवाह ने उसकी पत्नी के साथ मेरी हुई कहासुनी की बात को लेकर मेरे साथ न सिर्फ केवल गाली गलौच कर दी,बल्कि चोटी पकडकर मेरा सिर जमीन में दे दिया और लातघूसो से मारपीट भी कर दी। जिससे वह जख्मी हो गई। कोतवाली पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर गोलू कुशवाह के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छैवला निवासी बलराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार और सौरभ यादव ने उससे मारपीट की और फसल का नुकसान कर दिया। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी नन्नी बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी यशपाल,राजवीर हरिराम और सिरयाबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम डेंगा मोहचार निवासी शिवराम पुत्र मुन्नालाल आदिवासी उम्र 35 साल की अज्ञात कारणों से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात आरोपी बाईक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत नीलेश पुत्र लल्लीराम निवासी पुलिस लाईन अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुलिस लाईन से कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाईक जिसका नम्बर एमपी 67 जेडई 0919 है चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ईसागढ के घोसी मोहल्ला निवासी कुलविन्दर सिक्ख के पास से 25 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है साथ में एक स्कूटी भी जप्त की गई है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने पचलाना निवासी रामवीर लोधी के पास से 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

### शाढ़ौरा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेन्द्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर शाढ़ौरा द्वारा आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में आयुर्विधा थीम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा में जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सचिन कुमार जैन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं हरिशंकर चैरसिया द्वारा उपस्थित सभी बालक बालिकाओं का वजन, ऊंचाई आदि देखकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। इसके साथ ही डॉ. जैन द्वारा नियमित योगाभ्यास, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या तथा औषधीय पौधों के महत्व को बताकर जागरूक किया गया। आयुष के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पेम्प्लेट्स का वितरण भी कराया गया।

### छुट्टी के बदले पैसे मांगने और एप्रेन उतारकर हाथ दिखाने की कलेक्टर के यहां शिकायत

# अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ने हंगामा मचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल अशोकनगर में शुक्रवार को उस समय नर्सिंग स्टाफ विफरता हुआ नजर आया तब जिला अस्पताल के सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए देखा गया। जिसमें नर्सिंग अधिकारियों को कहना है कि छुटटी के बदले पैसे मांगने और एक मामले में एप्रैन उतारने को कहा गया।

नर्सिंग आफिसर लक्ष्मी जयसवाल का कहना है कि वह चिकिन पॉक्स के कारण छुटटी लेने गई थी तब सिविल सर्जन द्वारा उससे एप्रैन उतारकर हाथ दिखाने को कहा गया जिसका उन्होंने विरोध किया





जिसके बाद कई नर्स अधिकारी भी एक जुट हो गईं और उन्होंने इसका विरोध किया और बाद में वह सामुहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंची। इसकी सूचना मिते ही सिविल सर्जन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी पहुंच गईं। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने दोनो पर कलेक्टर कार्यालय में ही छुटटी के बदले पैसे मांगने का आरोप लगाया। इस दौरान नर्सिंग आफिसर दिव्या तिवारी ने सीएचएमओ डाक्टर अल्का त्रिवेदी पर आरोप लगाया कि छोटे बच्चे की देखभाल के लिए छुटटी मांगने पर उन्हे छुटटी नहीं दी गई और पैसे देने को कहा गया। वह 2 माह की छुटटी लेने के लिए 5 हजार रूपए लेकर सीएचएमओं के पास गई थी लेकिन बाद में उन्होंने पैसे वापिस कर दिए और स्टाफ की कमी का हवाला देकर छुटटी देने से मना कर दिया। इसी प्रकार एक अन्य नर्सिंग आफिसर शिवानी ने सिविल सर्जन पर इमरजेंसी लीव के लिए पैसे मांगने का आरोप लगाया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पैसे न देने पर उन्हे छुटटी नहीं दी गई।

#### आरोप झूठे हैं

नर्सिंग आफिसर द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वह झूठे हैं दिव्या अपने पति के साथ छुटटी का आवेदन लेकर उनके घर आई थी और पैसे रखकर चली गई थी। लेकिन मैने तुरंत पैसे वापिस कर दिये थे।

**सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी** जिला अस्पताल अशोकनगर

नर्सिंग स्टाफ से एप्रैन उतरवाने के बारे में स्थिति यह है कि वह नर्सिंग स्टाफ स्वेटर पहनकर आई थी जिससे आस्तीन ऊपर नही जा रही थी इसलिए उन्होंने एप्रैन उतरवाने के लिए कहा था जिससे उन्हें बुरा लगा। नर्सिंग स्टाफ द्वारा नेताओं से छुटटी के लिए फोन लगवाए जाते हैं।

**भूपेन्द्र सिंह शेखावत** सिविल सर्जन जिला अस्पताल अशोकनगर

### म्यापुर में सफलता की कहानी पुस्तक का विमोचन किया गया

**अशोकनगर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय म्यापुर में मां सरस्वती जी की प्रतिमा का अनावरण तथा सफलता की कहानी पुस्तक का विमोचन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना अधिकारी राहुल शर्मा एवं भाजपा जिले के मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा तथा सिंधिया जनसंपर्क के प्रभारी विष्णु शर्मा ऐपीसी महेंद्र जैन अभिषेक चैधरी कैलाश नारायण धुर्रेटे तथा अन्य बीआरसीसी मुकेश साहू बीएसी जगमोहन यादव संजय अग्रवाल एवं मंडल अध्यक्ष बब्लू यादव धतुरिया जी एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राध्यापक परमाल सिंह रघुवंशी द्वारा शाला में किया जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी । संचालन एवं स्कूल में बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने एवं बच्चों में परिवर्तन देख प्राध्यापक परमाल रघुवंशी की सभी अतिथियों द्वारा सरायना की गई।

# डीईओ ने किया करैरा विकासखंड के कई स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव द्वारा करैरा विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस क्रम में आईटीबीपी करेरा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेरा, उत्कर्ष विद्यालय करैरा का निरीक्षण किया तथा करैरा विकासखंड के हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी के समस्त प्राचार्य की एक आवश्यक बैठक उत्कृष्ट विद्यालय करेरा में ली। आईटीबीपी करेरा में छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर अच्छा पाया गया। हाई स्कूल तथा हाई सेकेंडरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100% प्राप्त करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शैक्षणिक स्टाफ को गत वर्ष के प्रश्न पत्र, ब्लूप्रिंट, भोपाल से प्राप्त शैक्षणिक सामग्री आवश्यक रूप से छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए। करैरा विकासखंड की समस्त प्राचार्य तथा संकुल प्राचार्य को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया की तीन दिवस के अंदर ड्रॉप बॉक्स में उपलब्ध छात्राओं को चिन्हित कर आवश्यक रूप से ड्रॉपबॉक्स खाली करें।

सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं का निराकरण करें



छात्र-छात्राओं तथा आम जन की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समाधान करें। छात्र-छात्राओं के अकाउंट की स्पष्ट जानकारी प्राप्त करें जिससे छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने समस्त लोक सेवकों से ई-अटेंडेंस लगाने की अपील की। इस अवसर पर उत्कर्ष विद्यालय करेरा प्राचार्य अरविंद यादव ,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य कविता लोधी एवं समस्त करेरा विकासखंड के प्राचार्य उपस्थित रहे।

लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के बीच संशय की स्थिति

# दो विभागों के बीच अटका करीला व्हीआईपी मार्ग की पुलिया का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करीला स्थित मां जानकी मंदिर वाल्मीकि आश्रम में प्रतिवर्ष रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशाल मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बीते बुधवार को कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई थी। इस बैठक को मेले की तैयारियों का आगाज माना जा रहा है। वहीं इस आगाज के बीच एक समस्या है जो आमजनों के साथ व्हीआईपी लोगों को भी हर वर्ष खटकती है, जिसका कोई समाधान अब तक नहीं निकाला जा सका है।

दरअसल, क़रीला के लिए सबसे पुराना पक्का पहुंच मार्ग कोंचा बांध की पिकअप वियर से है। पिकअप वियर से मौला डैम गांव तक करीब पांच वर्ष पूर्व चार करोड़ की लागत से सात मीटर चैड़ा एक मार्ग भी तैयार कर दिया गया है। इस मार्ग को मेले के दौरान व्हीआईपी मार्ग का नाम



दिया जाता है। इस मार्ग को आपातकालीन समय में उपयोग करने के लिए सुरक्षित रखा जाता है किंतु इस मार्ग पर एक पुलिया है, जो बीते बारह बरस पहले जो एक बार टूटी तो अब तक बन नहीं पाई। पहले इस पुलिया का एक हिस्सा ही टूटा था लेकिन इसके बाद इसकी मरम्मत नहीं हुई तो धीरे धीरे कर के बड़ा हिस्सा टूटकर जमींदोज हो गया। हर बार मेले के पहले इस पुलिया को बनाने की मांग उठती है लेकिन यह मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है, पुलिया पर आवागमन बंद होने से वाहन पिकअप वियर के नीचे से नदी में से निकलते हैं, जिसमें मार्च अप्रैल के महीने में पानी बहुत कम होता है।

जल संसाधन विभाग ने बनाई, अब लोक निर्माण विभाग को सौंपे जाने का दावा

बताया गया है कि इस पुलिया का निर्माण कई वर्षों पहले जल संसाधन विभाग द्वारा स्वयं के उपयोग हेतु किया गया था। किंतु जब लोक निर्माण विभाग ने मोला डैम से पिकअप वियर तक सात मीटर चैड़ी सड़क बनाई तो इस सड़क को पुलिया के साथ लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। इसलिए इस पुलिया की मरम्मत और नव निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग कुछ नहीं कर सकता। वहीं लोक निर्माण विभाग का दावा है कि उनके द्वारा केवल सड़क हस्तांतरित की गई है, पुलिया नहीं। इसलिए पुलिया का निर्माण उनके विभाग द्वारा नहीं किया जा सकता।


#### दिखवा रहे हैं

बैठक में यह मामला मेरी नजर में आया था, इसे हम प्राथमिकता से दिखवा रहे हैं और इस बार उसका हल निकल जाएगा।

**आदित्य सिंह**, कलेक्टर, अशोकनगर

### नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई

# यादव कॉलोनी में न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाया



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यादव कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 02, बायपास रोड स्थित गली में लंबे समय से किए गए अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुँचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतन के निर्देशन में की गई। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक मोहन बनिया, अतिक्रमण प्रभारी नारायण बालू सहित नगर पालिका की राजस्व टीम एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहा। कॉलोनीवासियों द्वारा शिकायत की गई थी कि गली में फरसी गाड़कर रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बुलडोजर की सहायता से उक्त अतिक्रमण को हटाया गया। उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई न्यायालय द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों के पालन में की गई, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किया जाना आवश्यक था। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद गली को पूरी तरह से साफ कर आम नागरिकों के लिए आवागमन सुगम बनाया गया।

# सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोशल मीडिया को नफरत फैलाने का औजार बनाने वालों के खिलाफ आखिरकार कानून ने सख्त रुख अपनाया है। सामाजिक उन्माद फैलाने और धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर भड़काने के गंभीर आरोपों में विपिन पाटनी पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है ।

अशोकनगर सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता 2023 की गंभीर धाराएं 299, 352 और 353(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है, जो अपने-आप में इस बात का संकेत है कि मामला साधारण नहीं बल्कि गंभीर और सुनियोजित है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विपिन पाटनी द्वारा सोशल मीडिया पर जानबूझकर बार-बार झूठे लेख लिखे गए, जिनमें जैन मुनि के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और भड़काऊ टिप्पणियां की गईं। यह सब किसी एक बार की गलती नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही एक सोची-समझी गतिविधि थी, जिसका



मकसद साफ तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करना और समाज में तनाव पैदा करना था। हाल ही में फेसबुक पर की गई पोस्टों को पुलिस ने गंभीर मानते हुए गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। साथ ही चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से धार्मिक भावनाओं को भड़काने, शांति भंग करने, सामाजिक उन्माद फैलाने का प्रयास करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। विपिन पाटनी पर जिन धाराओं में मामला दर्ज हुआ है, वह स्पष्ट रूप से बताती हैं कि बिना किसी प्रमाण के किसी संत या धार्मिक व्यक्ति को निशाना बनाया गया जो गंभीर अपराध है।

इस पूरे मामले पर जैन समाज ने भी कड़ा रुख अपनाया है। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा है कि शहर में ऐसे 3-4 लोग हैं जो लगातार धार्मिक भावनाएं भड़काने का काम कर रहे हैं। अब चुप नहीं बैठेंगे, सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला उन सभी के लिए चेतावनी है जो सोशल मीडिया को ढाल बनाकर संतों, धर्म और समाज पर कीचड़ उछालने का दुस्साहस करते हैं। कानून अब खामोश नहीं है, और जो लोग नफरत बोते हैं, उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। जैन पंचायत के साथ यह सभी मंडल शामिल हुए जिसमें जैन जागृति मंडल, युवा वर्ग, अरिहंत ग्रुप, बैठदेव समिति।

# संत बाबा सतनाम सिंह ने मोह माया के प्रभाव का वर्णन किया






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कुकरेटा चक्क में शुक्रवार को आयोजित सत्संग में गुरमत रूहानी मिशन के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंह ने जड़भरत ऋषि जी का प्रसंग सुनाते हुए मोह माया के प्रभाव का वर्णन करते हुए कहा कि माया जीव को कैसे फंसाती है। जड़भरत जी अपना राज पाठ छोड़ कर प्रभु प्राप्ति के लिए जंगल में नदी किनारे तपस्या करने लगे।

उन्होनें कहा कि एक दिन क्या देखा कि हिरणी शावक को जन्म देकर चल बसी। ऋषि जी करुणावश उस शावक का लालन पालन करने लगे, इसी तारतम्य में वो उसमे इतना मशगूल हो गए कि जब वो शावक बड़ा होकर हिरणों के झुंड में जा मिला तो अब इनका ध्यान दिन रात उसी में है कि पता नहीं वो किस हाल में होगा। जब आखरी समय आया तो चूँकि ध्यान हिरण में होने के कारण अगला जन्म हिरण का मिला। चूँकि पिछली बन्दगी साथ थी तो पिछला सब याद होने के कारण बहुत उदास है। फिर स्वयं को दलदल में फँसा कर अन्तर्मन में मनुष्य जन्म की प्रार्थना करते हुए शरीर छोड़ा और अगले जन्म में अधूरी बन्दगी की पूरा कर वो मंजिल हासिल की जिसे बड़े बड़े देवता तरसते हैं। सो आजकल के परिप्रेक्ष्य में यह काफ़ी सटीक और सामयिक दृष्टांत है स आजकल लोग घरों में जो जानवर पालते हैं उन्हें इससे सीख लेनी चाहिए। बाबाजी ने माया की प्रबलता का वर्णन करते हुए कहा कि माया पर विजय पूर्ण सतगुरू को गुरु धारण कर ही पाई जा सकती है। अतः संगत में बाबाजी ने गुरु की महत्ता समझाते हुए अमृत पान पर ज़ोर दिया स गुरु का लंगर अटूट वरता ।

### आचार्य श्री के मंगल सानिध्य में होगा विधान

# घट यात्रा के साथ शुरू होगा सिद्ध चक्र महा मंडल विधान

**मुंगावली।** वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज संसंघ सानिध्य में आज से सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का घट यात्रा के साथ शुरू किया जाएगा। शनिवार सुबह सैकड़ो महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर घट यात्रा के रूप में पंक्तिबद्ध होकर चलेंगे उसी के साथ जैन प्रतिमाएं रथ में सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगी। साथ में आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज मुनि श्री सुदत्त सागर जी महाराज गुरु दत्त सागर जी महाराज भू दत्त सागर जी महाराज मेघदत्त सागर जी महाराज वृषभ दत्त सागर जी महाराज चंद्र दत्त सागर जी एवं श्री दत्त सागर जी महाराज साथ में चलेंगे।

घट यात्रा श्री दिगंबर जैन शीतल नाथ मंदिर से प्रारंभ होगी साथ में घोड़े बैंड बाजे एवं हजारों की संख्या में जैन श्रद्धालु चलेंगे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के उपरांत वहां ध्वजारोहण किया जाएगा। भूमि शुद्धि, मंडप शुद्धि, विशेष मंत्रों द्वारा की जाएगी तद उपरांत आचार्य श्री



का मंगल प्रवचन होंगे। आचार्य श्री ने जैन मंदिर में धर्म सभा के बीच घट यात्रा का महत्व बतलाते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत मंगल से प्रारंभ की जाती है घाट लेकर सौभाग्यवती नारियों एवं बालिकाओं चलना मंगलकारी होता है जैसे किसी की मृत्यु होने पर बिना बुलाए ही पुरुष मरघट यात्रा में जाते हैं वैसे ही प्रत्येक नारी को घट यात्रा में बिन बुलाये ही जाना चाहिए। जो घट अर्थात घड़ा या कलश पूर्ण भरा हो वही मंगलकारी होता है खाली कलश अमंगल का सूचक होता है।

### पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारियों का किया सम्मान

# तुम्हें जिंदगी इसलिए मिली है कि तुम जीते जी कुछ कर सको

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि तुम्हें जिंदगी इसलिए मिली है कि तुम जीते जी कुछ कर सको, अपने आप को प्रेरित करता है मौत का डर। हमें इस संसार से ऊपर उठकर कुछ करने की प्रेरणा देता है दुःख इसलिए नहीं आता कि तुम्हारे लिए दुखी बना दे दुःख इसलिए आता है कि सुख के दिनो में तुम कुछ ऐसा कर लो कि यह दुनिया तुम्हारे लिए याद करें। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने ऐसा क्या किया कि आज भी याद किये जातें हैं सुभाष चंद्र बोस ने ऐसा क्या किया है राष्ट्र उन्हें याद करता है उनके योगदान को हर भारत वासी सम्मान की नजर से देखता है।

**आज हम सभी का सम्मान कर अपने समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं** इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में





हुये अपूर्व चातुर्मास को ऐतिहासिक बनाने में शासन प्रशासन का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज हम जिला पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा एसडीओपी विवेक शर्मा संयुक्त कलेक्टर सोनम का सम्मान कर हम अपने को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान सम्मान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो दारा सभी का शाल श्रीफल स्मृतिभेंट कर सम्मान किया गया

**अगले साल भी ऐसे ही विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हो एसपी** जिज्ञासा रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि अशोकनगर में पांच महीने से आनंद वरस रहा है एक से एक बढ़कर कार्यक्रम हुए इनमें हमें भी हमारे फोर्स को सेवा का मौका मिला। अगली बार भी ऐसा ही विश्व शांति के लिए महा यज्ञ हो मुझे बहुत अच्छा लगा कि हर व्यक्ति कह रहा है कि जगत के सुख शांति समृद्धि के लिए हम लोग यह महा महोत्सव कर रहे हैं। इस पर मुनिश्री ने कहा कि सतयुग में भी संतों के कहने पर दशरथ जी ने अपने छोटे छोटे कुमारो को राम चन्द्र जी लक्ष्मण जी को गुरु विश्वामित्र जी के साथ भेज दिया था। मैं देख रहा हूं आपके पुलिस वाले कितनी लग्न से ड्यूटी देते हैं। यह हमारी संस्कृति संस्कार है जो हमें पूर्वजों से मिले हैं। यहां रहने का तो आपके जैसे हमारे भी ट्रांसफर होते रहते हैं अगर यहां नही सही तो किसी न किसी स्थान पर जरूर मिलेगें।

**ग्रीष्म कालीन वाचना भी महाराज जी इस नगर में हो-सयुक्त कलेक्टर** इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने कहा कि अशोक नगर में एक से बढ़कर एक समारोह हुए पांच हजार से अधिक शिविरार्थियों का दस दिनों तक अनुशासित तरीके से रहते हुए यहां धर्म ध्यान करना हम सब के लिए प्रेरणा दाई रहा महाराज हम सब यह देख रहे थे कि इस व्यवस्था को प्रशासन किस तरह से लागू कर सकते हैं। गजरथ महोत्सव ने बहुत आनंदित किया इतनी सर्दी हो गई अब यह दो महीने भी महाराज जी इसी नगर को लाभ दे ऐसी प्रार्थना है।

इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में हुये श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव के कलशों का सौभाग्य श्री केवल चन्द्र मनोज कुमार भैसरवास सुनील कुमार संजीव कुमार श्रागर लोकेश कुमार बल्ला पीरोट परिवार ओम प्रकाश देवेन्द्र कुमार विजय कुमार धुर्रा परिवार नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष प्रांजल जैन राज कुमार कासल संजीव श्रागर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल को कलश प्रदान किये गये इसके साथ ही अन्य प्रमुख कलशों को कमेटी द्वारा विभिन्न भक्तों को दिया गया।